भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1163

(सोमवार, 27 जुलाई, 2026/5 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तर के लिए)

गोंडा जिले में सीएसआर

1163. श्री करण भूषण सिंहः

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के तहत कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) व्यय के जिला-वार आंकड़े हैं;
(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में कुल कितनी सीएसआर निधि खर्च की गई है;
(ग) क्या हाल ही में संपन्न हुए सीएसआर कॉन्क्लेव के परिणामस्वरूप गोंडा सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों के लिए कोई विशिष्ट सीएसआर प्रतिवद्धता या पहल की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार के पास ऐसा कोई तंत्र है जिसके माध्यम से गोंडा का जिला प्रशासन कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत पात्र कंपनियों के साथ सीएसआर साझेदारी को सुगम बना सके या उन तक पहुंच प्राप्त कर सके?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क) एवं (ख): जी हां। एमसीए21 रजिस्ट्री में कंपनियों द्वारा फाइल किए गए सीएसआर व्यय से संबंधित आंकड़े, जिनमें जिला-वार आंकड़े भी शामिल हैं, सार्वजनिक डोमेन www.csr.gov.in पर उपलब्ध हैं। एमसीए21 रजिस्ट्री में कंपनियों द्वारा की गई वार्षिक फाइलिंगों के आधार पर, उत्तर प्रदेश में गत तीन वित्तीय वर्षों, अर्थात् 2022-23 से 2024-25 के लिए जिला-वार सीएसआर का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग): इस मंत्रालय द्वारा ऐसा कोई सम्मेलन आयोजित नहीं किया गया है।

(घ): मंत्रालय का सीएसआर एक्सचेंज पोर्टल सीएसआर के लिए पात्र कंपनियों तथा कार्यान्वयन अभिकरणों को एक संवादात्मक मंच उपलब्ध कराता है। यह पोर्टल हितधारकों को स्वैच्छिक आधार पर अपनी सीएसआर परियोजनाओं को सूचीबद्ध करने, खोज करने, परस्पर संवाद करने, सहभागिता करने तथा उनका प्रबंधन करने में सक्षम बनाता है।

*****

अनुलग्नक

दिनांक 27.07.2026 के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1163 के भाग (क) और (ख) से संदर्भित वित्तीय वर्ष 2022-23 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक उत्तर प्रदेश में जिलेवार सीएसआर व्यय

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	जिला	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्त वर्ष 2023-24	वित्तीय वर्ष 2024-25
1.	आगरा	30.79	23.64	56.49
2.	अलीगढ़	6.71	10.12	10.69
3.	अम्बेडकर नगर	4.00	5.68	6.48
4.	अमेठी	-	0.04	-
5.	अमरोहा	1.55	1.57	8.72
6.	औरैया	4.57	4.03	4.37
7.	अयोध्या	23.03	38.11	60.22
8.	आजमगढ़	0.59	3.40	8.58
9.	बागपत	5.85	12.26	8.81
10.	बहराइच	7.92	17.29	37.76
11.	बलिया	1.02	8.37	3.35
12.	बलरामपुर	1.20	3.89	8.60
13.	बांदा	0.90	2.16	2.91
14.	बाराबंकी	6.78	6.00	11.11
15.	बरेली	5.96	12.35	19.52
16.	बस्ती	2.11	2.09	3.97
17.	भदोही	1.01	3.09	1.49
18.	बिजनौर	1.46	5.07	9.67
19.	बदायूं	2.88	3.43	1.74
20.	बुलंदशहर	10.93	19.92	27.64
21.	चंदौली	6.38	4.55	19.90
22.	चित्रकूट	4.50	8.88	10.94
23.	देवरिया	1.28	2.05	4.78
24.	एटा	0.08	0.31	2.24
25.	इटावा	0.71	0.72	2.81
26.	फर्रुखाबाद	0.23	0.55	0.72
27.	फतेहपुर	2.22	6.72	10.46
28.	फिरोजाबाद	2.28	6.30	19.34
29.	गौतम बुद्ध नगर	241.02	233.95	290.62
30.	गाजियाबाद	53.42	77.50	100.48
31.	गाजीपुर	1.25	2.36	6.81
32.	गोंडा	0.03	15.00	7.52
33.	गोरखपुर	19.12	13.75	56.71
34.	हमीरपुर	1.50	36.72	41.21
35.	हापुड़	0.11	0.04	-
36.	हरदोई	91.97	58.71	131.61

क्र.सं.	जिला	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्त वर्ष 2023-24	वित्तीय वर्ष 2024-25
37.	हाथरस	2.03	3.36	2.94
38.	जालौन	0.03	-	0.91
39.	जौनपुर	1.72	7.18	3.77
40.	झांसी	4.67	7.67	15.91
41.	कन्नौज	0.56	0.29	1.23
42.	कानपुर देहात	4.39	4.08	33.78
43.	कानपुर नगर	1.00	1.76	201.71
44.	कौशाम्बी	2.32	4.14	4.48
45.	खीरी	2.38	2.67	8.25
46.	कुशीनगर	4.74	0.54	6.20
47.	ललितपुर	6.14	5.25	3.61
48.	लखनऊ	73.15	94.54	178.75
49.	महोबा	0.08	1.66	5.06
50.	महराजगंज	0.31	1.83	5.52
51.	मैनपुरी	1.06	1.63	2.64
52.	मथुरा	136.45	140.70	162.83
53.	मऊ	0.25	0.67	2.60
54.	मेरठ	14.02	17.69	45.81
55.	मिर्जापुर	6.68	6.66	19.83
56.	मुरादाबाद	6.96	5.41	8.72
57.	मुजफ्फरनगर	7.18	21.92	42.37
58.	पीलीभीत	1.00	2.23	4.33
59.	प्रतापगढ़	2.73	5.27	2.88
60.	प्रयागराज	9.98	13.72	84.78
61.	रायबरेली	8.46	14.47	38.01
62.	रामपुर	2.98	2.59	6.11
63.	सहारनपुर	4.24	25.46	7.79
64.	संभल	-	-	-
65.	संत कबीर नगर	0.38	0.15	4.83
66.	शाहजहांपुर	5.63	12.23	10.16
67.	शामली	0.03	0.08	-
68.	श्रावस्ती	3.77	4.44	6.55
69.	सिद्धार्थनगर	0.40	6.97	14.89
70.	सीतापुर	3.93	8.16	14.46
71.	सोनभद्र	41.64	53.06	44.11
72.	सुल्तानपुर	12.62	14.72	6.52
73.	उन्नाव	2.56	3.47	6.87
74.	वाराणसी	101.75	222.33	202.19
75.	जिले जो अन्यत्र वर्गीकृत नहीं	190.21	221.00	3.02
	कुल	1,213.76	1,590.66	2,212.68

(31.03.2026 तक के अपडेटेड आंकड़े) (स्रोत: कारपोरेट डाटा प्रबंधन प्रकोष्ठ)

*****